
# UPSSSC
## Chackbandi Lekhpal

## Previous Year Paper
### 30 Sept 2019 Shift 2

Adda247
GET IT ON Google Play

# 150 Questions

**Que. 1** निम्न में से कौन सा विकल्प आकृति C का उसी प्रकार से अनुसरण करेगा जिस प्रकार आकृति B, आकृति A का अनुसरण करती है?




1. 

2. 

3. 

4. 


Correct Option - **3**

**Que. 2** निम्नलिखित रंगों की सूची में से बेजोड़ का चयन कीजिये।

नारंगी, बैंगनी, भूरा, लाल, हरा, नीला, पीला

1. नारंगी
2. भूरा
3. हरा
4. नीला

Correct Option - **2**

**Que. 3** निम्नलिखित पदों को पढ़िए और निर्धारित कीजिये कि इस समूह में कौन सा असंगत है।

माध्य, परिसर, विचरण, मानक विचलन, बहुलक, अपवर्तन


1. माध्य
2. विचरण
3. मानक विचलन
4. अपवर्तन


Correct Option - **4**



Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS
ATTEMPT FREE MOCK NOW


**Que. 4** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और कथनों में दी गई जानकारी को निरूपित करते हुए एक वेन आरेख का चयन कीजिए।

1. कुछ लड़के गा सकते हैं।
2. कुछ लड़के नृत्य कर सकते हैं।
3. कुछ लड़के गा सकते हैं और नृत्य कर सकते हैं।

1.



2.



3.



4.



Correct Option - **4**

**Que. 5** एक घन की सभी सतहों को पीले रंग से रंगा गया है। उसके बाद, उस घन को समान आकार के 64 छोटे घनों में काटा गया है। इनमें से कितने छोटे घन ऐसे होंगे कि किसी भी सतह का रंग पीला नहीं होगा?

1. 4
2. 8
3. 12
4. 16

Correct Option - **2**

**Que. 6** सोनम और शीतल एक ही ऑफिस से निकल कर अपने-अपने घर की ओर चलती हैं। सोनम उत्तर की ओर 12 किमी चलती है, फिर दाएं मुड़ती है और 5 किमी चलती है, और अपने घर पहुंचती है। शीतल 12 किमी दक्षिण की ओर जाती है, लेकिन बाएं मुड़ती है और अपने घर तक पहुंचने के लिए 15 किमी की दूरी तय करती है। उनके घरों के बीच न्यूनतम दूरी क्या है?

1. 13 किमी
2. 17 किमी
3. 26 किमी

4. 34 किमी

Correct Option - 3

**Que. 7** नीचे एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। उन्हें ध्यान से पढ़िए और तय कीजिये कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन:**

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की गुणवत्ता खराब हो गई है और अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन निजी (प्राइवेट) स्कूलों में करना पसंद करते हैं।

**निष्कर्ष:**

I) अधिकारियों को स्कूलों में शिक्षकों की गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

II) सभी सरकारी स्कूलों का या तो निजीकरण कर दिया जाना चाहिए या पूरी तरह से बंद कर दिया जाना चाहिए।

1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
3. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
4. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Correct Option - 1

**Que. 8** उस विकल्प का चयन कीजिये जो निम्नलिखित कथन के लिए एक वैध धारणा है।

**कथन:**

दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के चलते पिछली दिवाली पर पटाखों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था।

1. दिवाली के त्योहार पर पटाखे जलाना अशुभ माना जाता है।
2. लोग दिवाली को सिर्फ रोशनी से मनाना चाहते हैं, पटाखों से नहीं।
3. बच्चे पटाखे जलाने के बजाय फिल्में देखना और वीडियो गेम खेलना पसंद करते हैं।
4. पटाखों को जलाने से धुंआ बढ़ता है जिससे शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है।

Correct Option - 4

**Que. 9** एक कथन दिया गया है जिसके बाद दो प्रक्रियाएं हैं। कथन को पढ़िए और चयन कीजिए कि दिए गए कथन के सन्दर्भ में किस विधि का अनुसरण किया जाना चाहिए।

**कथन:**

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

**तंत्र:**

I. पुलिस विभाग को रात के समय अधिक संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर निगरानी बढ़ानी चाहिए।

II. निवासियों को अजनबियों के खिलाफ अतिरिक्त सावधानी बरतने और सुरक्षा गार्ड और चौकीदार तैनात करने की सलाह दी जानी चाहिए।

1. केवल प्रक्रिया I का अनुसरण किया जाना चाहिए
2. केवल प्रक्रिया II का अनुसरण किया जाना चाहिए
3. I और II दोनों प्रक्रियाओं का अनुसरण किया जाना चाहिए
4. न तो प्रक्रिया I और न ही प्रक्रिया II का अनुसरण किया जाना चाहिए

Correct Option - 3

**Que. 10** उस विकल्प का चयन कीजिये जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

फर्नीचर : प्लाईवुड :: फर्श : ?

1. दीवार
2. टाइल्स
3. गद्दे
4. चप्पल

Correct Option - **2**

**Que. 11** उस विकल्प का चयन कीजिये जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

क्रिकेट : अंपायर :: फुटबॉल : ?

1. कमांडर
2. मुखबिर
3. रेफरी
4. विवाचक

Correct Option - **3**

**Que. 12** एक निश्चित कूट भाषा में, यदि 'WAITER' को "XQCCLQ" के रूप में कूटित किया जाता है और "ARTIST" को "BSTQWF" के रूप में कूटित किया जाता है, तो उस कूट भाषा में "BEGGAR' को कैसे कूटित किया जाएगा?

1. COEXJD
2. CQGYJD
3. CSGCJJ
4. CQFZHF

Correct Option - **2**

**Que. 13** एक निश्चित कूट भाषा में, यदि 'SUMMER' को "S21M13E18" के रूप में कूटित किया जाता है और WINTER को "W9N20E18" के रूप में कूटित किया जाता है, तो उस कूट भाषा में "AUTUMN" को कैसे कूटित किया जाएगा?

1. A21T2INI3
2. A20U2IMI4
3. A21T21M14
4. A21U20N13

Correct Option - **3**

**Que. 14** दीवार पर लगी एक तस्वीर की ओर संकेत करते हुए मदन ने कहा, "वह महिला मेरे पुत्र की माता के फादर इन लॉ के सन इन लॉ की पुत्री की माता थी" मदन उस तस्वीर में महिला से किस प्रकार संबंधित है?

1. पिता
2. पुत्र
3. भाई
4. फादर इन लॉ

Correct Option - **3**

**Que. 15** चार कथन दिए गए हैं और चार निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा निश्चित रूप से दिए गए कथन का अनुसरण करता है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।

**कथन:**

1. सभी लड़के खेल सकते हैं
2. कुछ लड़कियां गा सकती हैं

3. सभी लड़कियां खाना बना सकती हैं
4. कोई लड़का सिलाई नहीं कर सकता है,

**निष्कर्ष:**

I) कोई लड़की खेलती नहीं है
II) सभी लड़कियां सिलाई कर सकती हैं
III) कुछ लड़कियां खाना बना सकती हैं
IV) लड़के जो खेलते हैं, सिलाई नहीं कर सकते हैं

1. केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष III और IV अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष I और IV अनुसरण करता है।

Correct Option - **1**

**Que. 16** निम्नलिखित श्रृंखला को पढ़िए और ज्ञात कीजिए कि प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी।

7, 13, 21, 31, 43, 57, 73, ?

1. 89
2. 91
3. 93
4. 97

Correct Option - **2**

**Que. 17** राजन, रमेश से छोटा है और रमेश, जॉर्ज से लंबा है। दी गई जानकारी के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिये।

1. रमेश सबसे लंबा है।
2. जॉर्ज, रमेश से छोटा है।
3. जॉर्ज, राजन से लंबा है।
4. रमेश, राजन से लंबा है।

Correct Option - **1**

**Que. 18** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्पों में दी गई किस जानकारी की अतिरिक्त आवश्यकता होगी?

**प्रश्न:**

तीन मित्रों A, B और C की आयु का अनुपात 5 : 4 : 3 है। सबसे बड़े व्यक्ति की आयु क्या है?

1. A, B और C दोनों से बड़ा है
2. A की आयु 5 का पूर्ण गुणज है
3. C के जन्म के समय B, 5 वर्ष का था
4. A और B की आयु में जितना अंतर है, उतना ही B और C की आयु में अंतर है

Correct Option - **3**

**Que. 19** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने के लिए विकल्पों में दी गई किस जानकारी की अतिरिक्त आवश्यकता होगी?

**प्रश्न:**

एक कक्षा में सभी छात्र उत्तीर्ण हुए और सभी ने एक अद्वितीय श्रेणी प्राप्त की। सुषमा ने 7वीं श्रेणी प्राप्त की और उसके आगे 4 लड़के और उसके पीछे 9 लड़कियां हैं। कक्षा में छात्रों की कुल संख्या कितनी है?

1. सुषमा से आगे 2 लड़कियां हैं
2. लड़कियों की संख्या का लड़कों की संख्या से अनुपात 2 : 3 है

3. लड़कों की संख्या कक्षा में लड़कियों की संख्या से अधिक है
4. कक्षा में प्रथम श्रेणी पर रहने वाली लड़की रेखा है।

Correct Option - **1**

**Que. 20** निम्नलिखित में से गलत का चयन कीजिए।

1. USB
2. PCU
3. DAD
4. RTO

Correct Option - **1**

**Que. 21** निम्नलिखित में से गलत का चयन कीजिए।

1. भूकंप
2. ज्वालामुखी
3. सुनामी
4. ग्लोबल वार्मिंग

Correct Option - **4**


**Que. 22** निम्नलिखित श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।

8, 24, 48, 80, ?, 168

1. 148
2. 112
3. 134
4. 120

Correct Option - **4**

**Que. 23** निम्नलिखित वृत्त आलेख का अध्ययन कीजिये, जो एक निश्चित परिवार के व्यय वितरण को दर्शाता है, और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिये।




यदि परिवार का व्यय बजट 18,000 प्रति माह है। तो मनोरंजन, वस्त्र और तीनों वस्तुओं के परिवहन पर मासिक व्यय कितना होगा?

1. 1800 रुपये

2. 3200 रुपये
3. 5400 रुपये
4. 2800 रुपये

Correct Option - **3**

**Que. 24** निखिल, जो रमन का बेटा है, ईशा से कहता है, "तुम्हारी माँ रिया मेरे पिता की बहन है और मेरे पिता सुरेश की दूसरी संतान हैं।"

सुरेश, ईशा से किस प्रकार संबंधित है?

1. पिता
2. अंकल / मामा / मौसा
3. भाई
4. ग्रैंडफादर

Correct Option - **4**

**Que. 25** तीन कथन और दो निष्कर्ष दिए गए हैं। पहचानिये कि दिए गए कथनों से कौन से निष्कर्ष उनका ठीक अनुसरण करते हो, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों।

**कथन:**

I. सभी कंप्यूटर लैपटॉप हैं।

II. सभी लैपटॉप स्मार्टफोन हैं।

III. कुछ स्मार्टफोन टैबलेट हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ टैबलेट कंप्यूटर हैं।

II. कुछ स्मार्टफोन कंप्यूटर हैं।

1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
3. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
4. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Correct Option - **2**

**Que. 26** जब आप एक नई एक्सेल वर्कबुक खोलते हैं, तो खुलने के समय डिफॉल्ट रूप से कितनी वर्कशीट होती हैं?

1. एक
2. तीन
3. पांच
4. सात

Correct Option - **2**

**Que. 27** फोटोशॉप एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जिसका इस्तेमाल इमेज एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइन और डिजिटल आर्ट के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है। निम्नलिखित में से किस कंपनी के पास इस सॉफ़्टवेयर को बेचने का अधिकार है?

1. माइक्रोसॉफ़्ट कॉर्पोरेशन
2. एप्पल इंक.
3. ओरेकल कॉर्पोरेशन
4. एडोब इंक.

Adda247

Correct Option - **4**

**Que. 28** एज वर्व सिस्टम्स किस भारतीय आईटी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है?

1. विप्रो
2. इंफोसिस
3. एचसीएल
4. टीसीएस

Correct Option - **2**

**Que. 29** निम्नलिखित में से कौन सा देश उत्तर प्रदेश राज्य के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है?

1. चीन
2. नेपाल
3. भूटान
4. बांग्लादेश

Correct Option - **2**

**Que. 30** उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन सा जिला इस राज्य के अन्य जिलों से घिरा हुआ है (अर्थात्, किसी अन्य राज्य या देश के साथ सीमा साझा नहीं करता है)?

1. सहारनपुर
2. देवरिया
3. हरदोई
4. ललितपुर

Correct Option - **3**

**Que. 31** दिग्गज सुपरस्टार अमिताभ बच्चन उत्तर प्रदेश के किस शहर से हैं?

1. प्रयागराज(इलाहाबाद)
2. कानपुर
3. मेरठ
4. आगरा

Correct Option - **1**

**Que. 32** प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?

1. सारनाथ
2. वाराणसी
3. वृंदावन
4. आगरा

Correct Option - **3**

**Que. 33** निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश का राज्य पशु है?

1. लाल पांडा
2. दलदल हिरण
3. भारतीय जंगली गौर

4. जंगली भैंस

Correct Option - **2**

**Que. 34** उत्तर प्रदेश का सहारनपुर शहर निम्नलिखित में से किस कला और शिल्प के लिए विश्व प्रसिद्ध है?

1. चूड़ियाँ बनाने
2. इत्र और सुगंध
3. लकड़ी पर नक्काशी
4. कालीन निर्माण

Correct Option - **3**

**Que. 35** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (CARI) उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?

1. आगरा
2. बरेली
3. लखनऊ
4. कानपुर

Correct Option - **2**

**Que. 36** अवध राज्य (जिसे औध के नाम से भी जाना जाता है) पर 1722 से 1856 तक मुस्लिम शासकों का शासन था। अवध पर शासन करते समय निम्नलिखित में से कौन सी उपाधि शासकों द्वारा अपनाई गई थी?

1. सुलतान
2. सम्राट
3. नवाब
4. साहिब

Correct Option - **3**

**Que. 37** अलाउद्दीन खिलजी द्वारा निर्मित प्रसिद्ध अलाई दरवाजा कहाँ स्थित है?

1. आगरा
2. दिल्ली
3. अवध
4. वारंगल

Correct Option - **2**

**Que. 38** श्रीरंगपाटा का ऐतिहासिक शहर, जिसे टीपू सुल्तान और उसके पिता हैदर अली की कब्रों का घर माना जाता है, निम्नलिखित में से किस शहर से लगभग 15 किमी की दूरी पर स्थित है?

1. बैंगलोर
2. मंगलुरु
3. मैसूर
4. बेलगाँव

Correct Option - **3**

**Que. 39** वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी, लेखक और शिक्षाविद् के.एम. मुंशी ने निम्नलिखित में से किस संगठन की स्थापना की थी?

1. थियोसोफिकल सोसायटी

2. भारतीय विद्या भवन
3. भारतीय सांख्यिकी संस्थान
4. इंडियन स्कूल ऑफ माइंस

Correct Option - **2**

**Que. 40** पूरी दुनिया 'होलोकॉस्ट' शब्द को विशेष रूप से निम्नलिखित में से किस देश के साथ देखती है?

1. जर्मनी
2. मिस
3. चीन
4. मेक्सिको

Correct Option - **1**

**Que. 41** मुगल शासन के दौरान, कोतवाल की सही भूमिका क्या थी?

1. युद्ध के लिए सेना का नेतृत्व करना
2. खजाना बनाए रखना
3. राजस्व एकत्रित करना
4. कानून व्यवस्था बनाए रखना

Correct Option - **4**

**Que. 42** बाल विवाह निरोध अधिनियम, 1929 को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?

1. शारदा अधिनियम
2. विजयलक्ष्मी पंडित अधिनियम
3. नैदान अधिनियम
4. नानावटी अधिनियम

Correct Option - **1**

**Que. 43** 1875 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने सबसे पहले किस शहर में आर्य समाज की स्थापना की थी?

1. बॉम्बे (अब मुंबई)
2. अहमदाबाद
3. पुणे
4. कलकत्ता (अब कोलकाता)

Correct Option - **1**

**Que. 44** भारत के बारे में प्रसिद्ध ग्रंथ इंडिका लिखने वाले मेगस्थनीज मूल रूप से किस देश से संबंधित हैं?

1. पुर्तगाल
2. यूनान
3. मिन
4. तुर्की

Correct Option - **2**

**Que. 45** अटाला मस्जिद (या अटाला मोस्क) नामक 14 वीं शताब्दी की प्रसिद्ध मस्जिद उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?

1. जोबगंज
2. हैदरगढ़
3. जौनपुर
4. फतेहपुर

Correct Option - **3**

**Que. 46** ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) ग्लोब पर समय क्षेत्र की शुरुआत का प्रतीक है, और किसी भी देश में जीएमटी के आगे या पीछे घंटों की संख्या को मापने वाला समय है। ग्रीनविच निम्नलिखित में से किस शहर के पास स्थित है?

1. लंदन
2. एम्स्टर्डम
3. शिकागो
4. न्यूयॉर्क

Correct Option - **1**

**Que. 47** चोलनाइकन, कुरुम्बा, कुटुनाइकन, कादर और कोरगा भारत के किस भाग के आदिम आदिवासी समूह हैं?

1. आंध्र प्रदेश
2. अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह
3. केरल
4. उड़ीसा

Correct Option - **3**

**Que. 48** हीरो साइकिल दुनिया के सबसे बड़े साइकिल निर्माताओं में से एक है। 1956 में उन्होंने सबसे पहले किस शहर में अपनी दुकान खोली थी?

1. लुधियाना, पंजाब
2. चेन्नई, तमिलनाडु
3. सोनीपत, हरियाणा
4. कोलकाता, पश्चिम बंगाल

Correct Option - **1**

**Que. 49** ट्राफलगर स्क्वायर विश्व के किस शहर में स्थित है?

1. बीजिंग
2. लंदन
3. न्यूयॉर्क
4. पेरिस

Correct Option - **2**

**Que. 50** राइटर्स बिल्डिंग भारत के किस राज्य सरकार का सचिवालय भवन है?

1. तेलंगाना सरकार
2. कर्नाटक सरकार
3. पश्चिम बंगाल सरकार
4. गुजरात सरकार

Correct Option - **3**

**Que. 51** आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा शहर किस नदी के तट पर स्थित है?

1. कावेरी
2. गोदावरी
3. महानदी
4. कृष्णा

Correct Option - **4**

**Que. 52** अज़रबैजान, जो कभी सोवियत संघ (यू एसएसआर) का हिस्सा था, निम्नलिखित में से कौन सी इसकी राजधानी है?

1. उलानबातर
2. कीव
3. बाकू
4. ताशकंद

Correct Option - **3**

**Que. 53** निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार नॉर्वे के राजा द्वारा प्रस्तुत किया जाता है और इसे अक्सर गणित का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है?

1. फील्ड्स पदक
2. हाबिल पुरस्कार
3. वुल्फ पुरस्कार
4. चेर्न पदक

Correct Option - **2**

**Que. 54** भारत में किसी राज्य के राज्यपाल का आधिकारिक कार्यकाल कितने दिनों का होता है?

1. 3 वर्ष
2. 4 वर्ष
3. 5 वर्ष
4. 6 वर्ष

Correct Option - **3**

**Que. 55** भारतीय तिरंगे (तिरंगे) झंडे में अशोक चक्र का रंग क्या है?

1. जामुनी
2. मैजंटा
3. गहरा नीला
4. काला

Correct Option - **3**

**Que. 56** निम्नलिखित फलों में से किन को वर्ष 1950 में "भारत के राष्ट्रीय फल" के रूप में अपनाया गया?

1. सेब
2. आम
3. अंगूर
4. केला

Correct Option - **2**

**Que. 57** भारत के एकॉर्ड ग्रुप और ओमान के तेल एवं गैस मंत्रालय ने निम्नलिखित देश में से किस देश में तेल रिफाइनरी बनाने के लिए 3.85 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

1. अफ़गानिस्तान
2. भूटान
3. श्रीलंका
4. नेपाल

Correct Option - **3**

**Que. 58** राजस्थान से एक तार कठपुतली कला से बनी इस डॉल ने हाल ही में जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग जीता है। इस गुड़िया को किस नाम से जाना जाता है?

1. चन्नापटना गुड़िया
2. कोंडापल्ली गुड़िया
3. कठपुतली गुड़िया
4. खुर्जा गुड़िया

Correct Option - **3**

**Que. 59** तमिलनाडु के 93 वर्षीय बैंक लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) का मुंबई स्थित वित्तीय इकाई में विलय कर दिया गया है। इस इकाई का नाम क्या है?

1. एचडीएफसी बैंक
2. इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस
3. दीवान हाउसिंग
4. रिलायंस आवास फाइनेंस

Correct Option - **2**

**Que. 60** किस देश ने अप्रैल 2019 में भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार जायद पदक से सम्मानित किया है?

1. ईरान
2. अफ़गानिस्तान
3. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)
4. मलेशिया

Correct Option - **3**

**Que. 61** विदर्भ ने 2018-19 रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट जीता। निम्नलिखित में से किस टीम ने इसे फरवरी 2019 में नागपुर में फाइनल में हराया था?

1. तमिलनाडु
2. सौराष्ट्र
3. राकेश भटनागर
4. संदीप पी. त्रिवेदी

Correct Option - **2**

**Que. 62** मार्च 2019 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR), मुंबई स्थित भारत के प्रमुख अनुसंधान संस्थान के निदेशक कौन हैं?

1. के. आर. एन. व्यास
2. शालिनी भट्ट
3. राकेश भटनागर
4. संदीप पी. त्रिवेदी

Correct Option - **4**

**Que. 63** आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र दोनों के लिए, नया साल चैत्र के महीने में शुरू होता है। आंध्र में इसे उगादी कहते हैं। महाराष्ट्र में इसे किस नाम से जाना जाता है?

1. लावणी
2. बैसाखी
3. गुडी पडवा
4. भाऊ बीज

Correct Option - **3**

**Que. 64** पंडित मदन मोहन मालवीय के पोते, न्यायमूर्ति गिरधर मालवीय को हाल ही में किस प्रसिद्ध विश्वविद्यालय/संस्थान के कुलाधिपति (सचिव) के रूप में नियुक्त किया गया है?

1. शारदा विश्वविद्यालय
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
3. महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय
4. छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय

Correct Option - **2**

**Que. 65** पंजाब के किस शहर में गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय स्थित है?

1. पटियाला
2. लुधियाना
3. अमृतसर
4. चंडीगढ़

Correct Option - **2**

**Que. 66** खेती का वह रूप जिसमें किसान और किसान के परिवार के निर्वाह के लिए लगभग सभी फसलें उगाई जाती हैं या पाली पोषी जाती हैं, पारंपरिक रूप से जाना जाता है?

1. आजीविका कृषि
2. न्यूनतावाद खेती
3. कोटा खेती
4. संस्थागत खेती

Correct Option - **1**

**Que. 67** निम्नलिखित में से कौन-सी एक खाद्य बागान फसल नहीं है?

1. कोको
2. सुपारी
3. रबर
4. चाय

Correct Option - **3**

**Que. 68** कंप्यूटर शब्दावली में PDF का पूर्ण रूप क्या है?

1. प्रिंटेबल डॉक्यूमेंट फॉर्मेट
2. प्रिंट डिस्पैच फ़ाइल
3. प्रोटोकॉल डिस्क फ़ाइल
4. पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फॉर्मेट

Correct Option - **4**

**Que. 69** उत्तर प्रदेश के किस शहर में आपको निम्नलिखित शाही घाट मिलेंगे: अस्सी घाट, मणिकर्णिका घाट और हरिश्चंद्र घाट?

1. कानपुर
2. वाराणसी
3. प्रयागराज
4. गाजीपुर

Correct Option - **2**

**Que. 70** दिल्ली का प्रसिद्ध लौह स्तंभ जो सदियों से अटूट खड़ा है, निम्नलिखित में से किस ऐतिहासिक परिसर में स्थित है?

1. जामा मस्जिद परिसर
2. लाल किला परिसर
3. कुतुब मीनार परिसर
4. हुमायूं का मकबरा परिसर

Correct Option - **3**

**Que. 71** उकाई बांध भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है? यह उस राज्य का दूसरा सबसे बड़ा बांध है।

1. गुजरात
2. तेलंगाना
3. उड़ीसा
4. महाराष्ट्र

Correct Option - **1**

**Que. 72** "बहुजन हितै बहुजन-सुखाय" निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय संस्थान का संस्कृत आधारित आदर्श वाक्य है?

1. दूरदर्शन
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
3. ऑल इंडिया रेडियो
4. भारतीय मौसम विभाग

Correct Option - **3**

**Que. 73** कॉफी बोर्ड ने किसानों को उनकी कॉफी का बेहतर मूल्य दिलाने में मदद करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा नया मार्केट प्लेस ऐप लॉन्च किया है?

1. कॉफी ब्लॉकचेन
2. कॉफी क्लाउड
3. कॉफी कनेक्ट

GET IT ON Google Play

4. कॉफी चौपाल

Correct Option - 1

**Que. 74** निम्नलिखित में से किस राज्य ने विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों के वृद्ध माता-पिता की जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रणाम आयोग नामक आयोग शुरू किया है?

1. असम
2. उड़ीसा
3. तमिलनाडु
4. राजस्थान

Correct Option - 1

**Que. 75** भारतीय टी बोर्ड का प्रधान कार्यालय कहाँ स्थित है?

1. दार्जिलिंग
2. नई दिल्ली
3. कोलकाता
4. कोची

Correct Option - 3

**Que. 76** भारत द्वारा वर्ष 2015 में अंटार्कटिका में स्थापित अनुसंधान केंद्र का क्या नाम है?

1. ध्रुव
2. हिन्द
3. सागरिका
4. भारती

Correct Option - 4

**Que. 77** निम्नलिखित में से कौन सा संस्थान पहले आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) के रूप में स्थापित किया गया था?

1. आईआईटी कानपुर
2. आईआईटी बॉम्बे
3. आईआईटी खड़गपुर
4. आईआईटी मद्रास

Correct Option - 3

**Que. 78** इसरो द्वारा लॉन्च किए गए मार्स ऑर्बिटर मिशन के माध्यम से सितंबर 2018 में मंगल की कक्षा कितने वर्षों में पूरी हुई?

1. 4 वर्ष
2. 5 वर्ष
3. 6 वर्ष
4. 7 वर्ष

Correct Option - 1

**Que. 79** जल चक्र में बादल निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया से बनते हैं?

1. वाष्पीकरण

2. संघनन
3. अपघटन
4. गलनांक

Correct Option - **2**

**Que. 80** निम्नलिखित में से कौन विटामिन सी की कमी का लक्षण है?

1. मसूड़ों से खून बहना
2. पेट का बाहर आना
3. रतौंधी
4. पेट में दर्द

Correct Option - **1**

**Que. 81** निम्न में से किसे एनीमिया होने का खतरा अधिक है?

1. बूढ़ा व्यक्ति
2. बच्चे
3. गर्भवती महिला
4. जानवरों

Correct Option - **3**

**Que. 82** निम्नलिखित में से कौन सा जानवर रेबीज फैला सकता है?

1. छिपकली
2. गिलहरी
3. कबूतर
4. कुत्ता

Correct Option - **4**

**Que. 83** निम्नलिखित में से कौन सतही जल संसाधनों का उदाहरण है?

1. झील
2. कुंआ
3. समुद्र
4. टैंकर

Correct Option - **1**

**Que. 84** निम्नलिखित में से कौन हमारे सौर मंडल में एक आंतरिक ग्रह या पृथ्वी ग्रह है?

1. शनि
2. बृहस्पति
3. मंगल
4. अरुण

Correct Option - **3**

**Que. 85** फ्यूज निम्नलिखित में से किसके द्वारा विद्युत परिपथ की सुरक्षा करता है?

1. ओवरलोडिंग

2. ऊर्जा के एक रूप को दूसरे रूप में बदलकर
3. करेंट स्पोर्ट
4. करेंट अपटेक

Correct Option - **1**

---

**Que. 86** सर्किट में बिजली की उपस्थिति का पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

1. ऐमीटर
2. वाल्टमीटर
3. रियोस्टैट
4. गैल्वेनोमीटर

Correct Option - **4**

---

**Que. 87** इलेक्ट्रॉनिक संचार प्रणाली की तीन बुनियादी इकाइयाँ क्या हैं?

1. ट्रांसमीटर, ट्रांसमिशन चैनल और रिसीवर
2. मॉड्यूलेटर, डिमोडुलेटर और रिपीटर
3. ट्रांसमीटर, शोर और सूचना
4. ट्रांसमीटर, सिग्नल और मॉड्यूलेटर

Correct Option - **1**

---

**Que. 88** न्यूनतम तापमान जिस पर किसी पदार्थ में आग लगती है। उसे क्या कहते हैं?

1. गलनांक
2. ज्वलन ताप
3. क्वथनांक
4. हिमांक

Correct Option - **2**

---

**Que. 89** खाद्य पदार्थों में रसायन किस प्रयोजन के लिए मिलाया जाता है?

1. अवक्रमण
2. अपघटन
3. रक्षण
4. पुनर्चक्रण

Correct Option - **3**

---

**Que. 90** सिंथेटिक डिटर्जेंट के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. यह मृदु और कठोर जल दोनों के साथ काम करता है,
2. यह कठोर जल में कार्य नहीं करता है।
3. वे बार्ड वाटर में ही कार्य करते हैं।
4. वे केवल मृदु जल में कार्य करते हैं।

Correct Option - **1**

---

**Que. 91** चिकित्सीय प्रभाव के लिए रसायनों के उपयोग को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

1. रसायन विज्ञान

2. कीमोथेरपी
3. भौतिक चिकित्सा
4. क्रोमैटोग्राफी

Correct Option - **2**

**Que. 92** निम्नलिखित में से कौन सा रोग विटामिन D की कमी से होता है?

1. रिकेट्स
2. स्कर्वी
3. रतौंधी
4. प्लेग्रा

Correct Option - **1**

**Que. 93** बढ़ते बच्चे के लिए आहार में वसा और शर्करा का अनुशंसित प्रतिशत कितना है?

1. 796
2. 2596
3. 1596
4. 3096

Correct Option - **1**

**Que. 94** यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर (यूएसडीए) के दिशानिर्देशों के आधार पर, 30 वर्ष से अधिक उम्र के स्थानीय पुरुषों और महिलाओं को कितनी दैनिक कैलोरी का सेवन करना चाहिए?

1. 1600 से 2200 कैलोरी
2. 1000 से 2000 कैलोरी
3. 1000 से 1400 कैलोरी
4. 1600 से 2400 कैलोरी

Correct Option - **1**

**Que. 95** निम्न में से किस विटामिन की कमी से हाइपोकोबालामिनमिया होता है?

1. विटामिन B12
2. विटामिन A
3. विटामिन C
4. विटामिन K

Correct Option - **1**

**Que. 96** विटामिन $B_3$ (नियासिन) की कमी से निम्नलिखित में से कौन-सा रोग होता है?

1. रिकेट्स
2. बेरीबेरी
3. रतौंधी
4. प्लेग्रा

Correct Option - **4**

**Que. 97** निम्नलिखित में से कौन सा एलर्जेन एलर्जी बुखार का कारण बनता है?

1. समुद्री खाद्य
2. पेनिसिलिन
3. पराग
4. अखरोट, बादाम आदि।

Correct Option - **1**

**Que. 98** निम्नलिखित में से कौन हृदय की धड़कन और श्वसन को नियंत्रित करता है?

1. मेडुला ऑब्लान्गेटा
2. मेरुदण्ड
3. मेरु तंत्रिका
4. पिट्यूटरी

Correct Option - **1**

**Que. 99** निम्नलिखित में से कौन तंत्रिका तंत्र की बुनियादी संरचनात्मक और कार्यात्मक इकाई है?

1. न्यूरॉन
2. नेफ्रॉन
3. प्रमस्तिष्क
4. अनुमस्तिष्क

Correct Option - **1**

**Que. 100** स्वीमिंग पूल में कीटाणुओं को मारने के लिए किस अधातु का प्रयोग किया जाता है?

1. ऑक्सीजन
2. आयोडीन
3. क्लोरीन
4. नाइट्रोजन

Correct Option - **3**

**Que. 101** निम्नलिखित को हल कीजिये

$$\frac{10-[5-(5+10)]\div 5}{(-5+10)-(5-10)\div 5}=?$$

1. 1
2. 2
3. 5
4. 10

Correct Option - **2**

**Que. 102** निम्नलिखित को हल कीजिये

0.009/0.9 = ?

1. 1
2. 1.1
3. 0.1
4. 0.01

Correct Option - **4**

Que. 103 तीन क्रमागत विषम संख्याओं का योग इनमें से पहली संख्या से 36 अधिक है। मध्य संख्या क्या है?

1. 15
2. 17
3. 19
4. 21

Correct Option - **2**

Que. 104 दस संख्याओं का औसत 6 है, यदि प्रत्येक संख्या को 12 से गुणा किया जाता है, तो संख्याओं के नए समुच्चय का औसत क्या होगा?

1. 20
2. 28
3. 36
4. 72

Correct Option - **4**

Que. 105 यदि 144/0.144 = 14.4/x, तो x का मान क्या होगा?

1. 0.0144
2. 0.144
3. 1.44
4. 14.4

Correct Option - **1**

Que. 106 अर्जुन, विक्रम और विजय के वेतन का अनुपात 2 : 3 : 5 है। यदि उनके वेतन में क्रमशः 15%, 10% और 20% की वृद्धि की अनुमति है, तो नए वेतन का अनुपात क्या होगा?

1. 3 : 6 : 10
2. 23 : 33 : 60
3. 21 : 03 : 60
4. 23 : 35 : 60

Correct Option - **2**

Que. 107 निम्नलिखित को दशमलव में व्यक्त कीजिए।

0.001%

1. 1
2. 0.001
3. 0.0001
4. 0.00001

Correct Option - **4**

Que. 108 A और B एकसाथ एक कार्य को 6 दिनों में कर सकते हैं। यदि A अकेले समान कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

1. 12 दिन
2. 13 दिन
3. 14 दिन
4. 15 दिन

Correct Option - **4**

**Que. 109** मोनीश एक निश्चित दूरी का दो-तिहाई भाग 4 किमी/घंटा की गति से और शेष भाग 5 किमी/घंटा की गति से 1 घंटे 24 मिनट में तय करता है। कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

1. 6 किमी
2. 6.5 किमी
3. 8 किमी
4. 10 किमी

Correct Option - **1**

**Que. 110** एक पुरुष, एक महिला और एक लड़का एक कार्य को क्रमशः 2, 3 और 6 दिनों में कर सकते हैं। कार्य को आधे दिन में पूरा करने के लिए 1 पुरुष और 1 महिला की सहायता के लिए कितने लड़कों की आवश्यकता होगी?

1. 5
2. 6
3. 7
4. 10

Correct Option - **3**

**Que. 111** दो लम्ब वृत्तीय बेलनों A और B की त्रिज्याएँ 5 : 2 के अनुपात में हैं और उनकी ऊँचाई 7 : 5 के अनुपात में है। वक्र A और B के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

1. 2 : 7
2. 7 : 2
3. 2 : 5
4. 5 : 2

Correct Option - **2**

**Que. 112** अगर आज शनिवार है तो 71 दिन बाद क्या होगा?

1. सोमवार
2. शुक्रवार
3. शनिवार
4. रविवार का दिन

Correct Option - **1**

**Que. 113** ABC में, AB = 6 सेमी और AD, A का कोण समद्विभाजक है। यदि BD : DC = 3 : 2 है, तो AC का मान क्या होगा?

1. 1 सेमी
2. 1.5 सेमी
3. 2 सेमी
4. 4 सेमी

Correct Option - **4**

**Que. 114** यदि $x^2 + (1/x^2) = 23$ और x > o, तो x + (1/x) का मान क्या है?

1. 1

Adda247
GET IT ON Google Play

2. 2
3. 5
4. 6

Correct Option - **3**

---

**Que. 115** निम्नलिखित को हल कीजिये।

$(Cos^2 A - 1)(Cot^2 A + 1) + 1 = ?$

1. -1
2. 0
3. 1
4. 2

Correct Option - **2**

---

**Que. 116** यदि a, b और c का मानक विचलन t है, तो a + 6, b + 6 और c + 6 का मानक विचलन क्या होगा?

1. t
2. t + 6
3. a + b + c
4. 6t

Correct Option - **1**

---

**Que. 117** यदि $ax^2 + bx + c = o$ के मूल $\alpha$ और $\beta$ हैं तो निम्नलिखित में से कौन सा उन द्विघात समीकरणों में से एक होगा जिसके मूल $1/\alpha$ और $1/\beta$ हैं?

1. $ax^2 + bx + c = o$
2. $bx^2 + ax + c = o$
3. $cx^2 + ax + b = o$
4. $cx^2 + bx + a = o$

Correct Option - **4**

---

**Que. 118** मान लीजिए 'a' एक अभाज्य संख्या और 'b' एक भाज्य संख्या इस प्रकार कि a + b = 240, इसके अतिरिक्त a और b का लघुत्तम समापवर्त्य 4199 है। क्रमशः a और b का मान ज्ञात कीजिए।

1. 2, 217
2. 17, 233
3. 19, 221
4. 13, 227

Correct Option - **3**

---

**Que. 119** निम्नलिखित में से कौन सी संख्या सांत दशमलव है?

1. 3/7
2. 4/7
3. 1/2
4. 2/3

Correct Option - **3**

---

**Que. 120** नल A एक टंकी को 18 मिनट में भर सकता है, B उसे 36 मिनट में भर सकता है और C उसे 54 मिनट में भर सकता है। नल A को 1 मिनट के लिए खोला गया उसके बाद 4 मिनट के लिए नल B खोला गया, उसके बाद नल C

खोला गया। टंकी को भरने में कुल कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

1. 50
2. 45
3. 60
4. 36

Correct Option - **1**

**Que. 121** रेमू और अलका की वर्तमान आयु 3 : 2 के अनुपात में है। 20 वर्ष पहले, निम्नलिखित में से कौन उनकी आयु का अनुपात नहीं हो सकता है?

1. 17 : 10
2. 8 : 5
3. 5 : 7
4. 9 : 5

Correct Option - **3**

**Que. 122** राम की दक्षता रहीम से दोगुनी है। राम एक कार्य को 6 दिनों में पूरा कर सकता है। रहीम समान कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

1. 6
2. 3
3. 12
4. 9

Correct Option - **3**

**Que. 123** यदि sin α - cos α = 3/5, तो sin α cos α का मान क्या होगा?

1. 8/25
2. 16/25
3. 9/25
4. 9/16

Correct Option - **1**

**Que. 124** जब एक संख्या में 20% की वृद्धि होती है और फिर 20 से कमी आती है तो हमें 160 प्राप्त होता है। यदि एक संख्या 20% घट जाती है और 20 बढ़ जाती है, तो हमें क्या प्राप्त होगा?

1. 144
2. 140
3. 152
4. 148

Correct Option - **2**

**Que. 125** 5 मीटर कपड़ा बेचते समय, अर्जित लाभ उस कपड़े के 2 मीटर के क्रय मूल्य के बराबर है। अर्जित लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

1. 40%
2. 30%
3. 45%
4. $33\frac{1}{3}\%$

Correct Option - **1**

25 Questions

**Que. 1** **निर्देशः** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।

साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है। **इसी वर्तमान के बल पर भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है।** पुस्तकालय भारत के लिए कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इनके संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त, विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी संपत्ति लगती है, उतनी इन दिनों कभी-कभी एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीनकाल से मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुंड-के-झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।

उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक हो सकता है?

1. प्राचीन काल के पुस्तकालय
2. पुस्तकालय का इतिहास
3. पुस्कोंत का संग्रह
4. पुस्तकालय और भारत

Correct Option - **4**

**Que. 2** गद्यांश में रेखांकित अंश की उचित व्याख्या क्या होगी?

1. साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक महत्वपूर्ण साधन पुस्तकालय है।
2. पुस्तकालय भारत की प्रसिद्धि के कारण रहे हैं। इस पुस्तकालयों के कारण चीन, फारस प्रभृति सुदूर देशों से झुंड के झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएँ करके भारत आया करते थे। ये भारत के अतीत गौरव का कारण है।
3. भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे।
4. मुद्रणकला के अविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। भारत ने संसार को पुस्तकों के संग्रह का महत्व सिखाया।

Correct Option - **2**

**Que. 3** साहित्य की उन्नति का सबसे अधिक महत्वपूर्ण साधन क्या है?

1. देवालय
2. नृपालय
3. पुस्तकालय
4. मुद्रणालय

Correct Option - **3**

**Que. 4** निम्नलिखित में किसके अंतर्गत नियुक्ति, छुट्टियों की स्वीकृति तथा पदवृद्धि आदि की सूचनाएँ दी जाती हैं?

1. पत्र
2. परिपत्र
3. प्रेस विज्ञप्ति
4. कार्यालय आदेश

GET IT ON Google Play

Correct Option - **4**

**Que. 5** निम्नलिखित में से किसका प्रयोग सरकारी स्तर पर अधिकतक भारतीय गजटों में प्रकाशित सरकारी नियम, आदेश, अधिकार और नियुक्तियों की सूचना के प्रसंग में होता है?

1. कार्यालय आदेश
2. अधिसूचना
3. ज्ञापन
4. परिपत्र

Correct Option - **2**

**Que. 6** निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है?

1. ए
2. ऐ
3. ऊ
4. ओ

Correct Option - **3**

**Que. 7** निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण दंत्य नहीं है?

1. त
2. द
3. ल
4. य

Correct Option - **4**

**Que. 8** 'संयोग' में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

1. सम्
2. सन्
3. संगी
4. सुन

Correct Option - **1**

**Que. 9** निम्नलिखित में से किस शब्दों में तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

1. वार्षिक
2. भिड़त
3. लड़ाई
4. मिलाप

Correct Option - **1**

**Que. 10** कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

1. पार्श्व
2. पाषाण

GET IT ON Google Play

3. पाहुना
4. पिटक

Correct Option - **3**

**Que. 11** 'एवम्' का तद्भव रुप क्या होगा?

1. एवं
2. और
3. तथा
4. यों

Correct Option - **3**

**Que. 12** 'गोद लिया हुआ पुत्र' के लिए उपयुक्त शब्द क्या होगा?

1. दत्त
2. दत्तक
3. दत्तचित्त
4. दंपती

Correct Option - **2**

**Que. 13** 'मैने ______ में सोचा कि भला ऐसा क्यों होता है। - उचित रिक्त स्थान भरिए।

1. अंतः करण
2. मन
3. चित्त
4. आत्मा

Correct Option - **2**

**Que. 14** 'उनके बिना तुम कुछ भी नहीं हो।' वाक्य में संबंधबोधक शब्द कौन सा है?

1. उनके
2. बिना
3. तुम
4. कुछ

Correct Option - **2**

**Que. 15** किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

1. पृष्ट
2. प्रर्याप्त
3. प्रदर्शनी
4. व्रजभाषा

Correct Option - **3**

**Que. 16** 'राम खाता होगा।' किस काल का उदाहरण

1. संदिग्ध वर्तमान
2. संदिग्ध भूत
3. संदिग्ध भविष्य
4. सामान्य भविष्य

Correct Option - **2**

---

**Que. 17** निम्नलिखित में से कौन सा भाववाच्य का उदाहरण है?

1. मैंने पुस्तक पढी।
2. पुस्तक पढ़ी जाती है।
3. आम खाया जाता है।
4. धूप में चला नहीं जाता।

Correct Option - **4**

---

**Que. 18** निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन सा है?

1. मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।
2. इस बात के कहने में किसी को संकोच न होगा।
3. मैं अपनी बात के स्पष्टीकरण के लिए तैयार हूँ।
4. ऐसी एकाध बातें और देखनें में आती हैं।

Correct Option - **1**

---

**Que. 19** 'लेन देन', 'विरह मिलन', 'जड़ चेतन' आदि शब्द युग्मों के बीच किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाएगा?

1. ,
2. -
3. :
4. ;

Correct Option - **2**

---

**Que. 20** नीचे दिए मुहावरे और उनके अर्थ के जोड़े में से एक जोड़ा गलत है, उसे पहचानें।

1. अपने पैरों पर खड़ा होना = स्वावलंबी होना
2. आँच न आने देना = ज़रा भी कष्ट या दोष न आने देना
3. आसन डोलना = विचलित न होना
4. आसमान टूट पड़ना = गजब का संकट पड़ना

Correct Option - **3**

---

**Que. 21** 'आँख का अँधा नाम नयनसुख' - लोकोक्ति का सही अर्थ चुनें।

1. गुण के अनुरुप नाम होना
2. गुण के विरुद्ध नाम होना
3. मूर्ख होना
4. मूर्खों में कुछ पढ़ा लिखा व्यक्ति

Correct Option - **2**

---

GET IT ON Google Play

**Que. 22** रचनाकार और रचना का कौन सा युग्म सही नहीं है?

1. तुलसी - रामचरित मानस
2. कुतबन - मिरगावत
3. जायसी - पद्मावत
4. मंझन - चित्रावली

Correct Option - **4**

---

**Que. 23** 'कछुआ धर्म और मारेसि मोहि कुठावँ' किसकी रचना है?

1. अध्यापक पूर्ण सिंह
2. चंद्रधर शर्मा गुलेरी
3. भारतेंदु हरिश्चंद्र
4. रामवृक्ष बेनीपुरी

Correct Option - **2**

---

**Que. 24** वर्ष 2016 का साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचनाकार को दिया गया?

1. मृदुला गर्ग
2. रमेशचंद्र शाह
3. रामदरश मिश्र
4. नासिरा शर्मा

Correct Option - **4**

---

**Que. 25** 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।' यह भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में लिखा गया है?

1. 343
2. 344
3. 345
4. 347

Correct Option - **1**